**Sixteenth Loksabha**

an>

Title: Need to check the polluted waste material released by Hindalco company in Ranchi district, Jharkhand and also provide full service benefits to the workers of the company

**श्री विजय कुमार हाँसदाक (राजमहल)** ः मैं राँची जिलान्तर्गत मुरी स्थित हिण्डालको कम्पनी के द्वारा किये जा रहे अनुचित कार्य की ओर सरकार का ध्यान आकृऐट करना चाहता हूं। कम्पनी के द्वारा 100 एकड़ जमीन में कोस्टिक मड के द्वारा 60 फीट ऊँचा पहाड़ बना दिया गया है, जो पूरी तरह से प्रदूऐण मापदंडों के विपरीत है। इससे क्षेत्र की जनता विभिन्न प्रदूऐण जनित रोगों से ग्रसित हो रही है, किसानों के पशु मर रहे हैं, कृएि भूमि बंजर होती जा रही है। बरसात के दिनों में कम्पनी का असंशोधित अपशिऐट जल सीधा स्वर्ण रेखा नदी में छोड़ा जा रहा है तथा कोस्टिक मड भी बहकर नदी में जा रहा है, जिससे नदी का जल पीने योग्य नहीं रह गया है। वहां का क्षेत्र, जो लौह के उत्पादन में अग्रणी था अब नगण्यता पर पहुंच गया है। इसके अतिरिक्त कंपनी में संविदा पर कार्यरत मजदूर तथा दैनिक वेतनभोगी मजदूरों का शोऐण हो रहा है। उन्हें अनुमन्य सीमा से कम वेतन का भुगतान किया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में अपनी नौकरी की सुरक्षा से भी मज़दूर वंचित हैं। मज़दूरों की वास्तविक संख्या के स्थान पर कम मज़दूर दिखाकर बाकी मजदूरों को पी.एफ. के लाभ से भी वंचित किया जा रहा है। मजदूरों द्वारा विरोध न होने से कंपनी में लगभग 3000 मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कंपनी के द्वारा विस्थापित लोगों को अभी तक मुआवजा अथवा नौकरी का लाभ भी नहीं दिया गया है, जिससे कंपनी के खिलाफ लोगों में असंतोऐ व्याप्त है। इस संबंध में 6 माह पूर्व मैंने केंद्र सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री महोदय तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री को उपरोक्त अनियमितताओं के बारे में पत्र भेजा जिसकी केवल पावती आई और कार्यवाही आज तक नहीं हुई है।

सरकार से अनुरोध है कि कंपनी के अनुचित क्रियाकलापों तथा कंपनी में संवेदकों की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच करायी जाये।